GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# एडस एक्ट (प्रिवेशन एण्ड कंट्रोल) पर व्याख्यान माला

सागर शासकीय स्नातकोत्तर उत्कृष्टता कन्या महाविद्यालय सागर में आज दिनांक 07/09/2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबिन क्लब के द्वारा एडस एक्ट (प्रिवेशन एण्ड कंट्रोल) पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जो कि प्राचार्य डॉ. इला तिवारी के निर्देशन एवं डॉ. भावना रमैया रेड रिबिन क्लब प्रभारी एव एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा चाचोंदिया के मार्गदर्शन पर आयोजित किया गया। जिसमें प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि एच.आय.वी एड्स की जानकारी को हम सरल शब्दों से समाज को समझा सकते है। आपने आज के इस व्याख्यान माला से एड्स के संबंधित जागरूकता हासिल कर एड्स जागरूकता प्रतिनिधि बन गये है आशा है कि आप समाज में सबको इसके प्रति जागरूक करेंगें। बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय सागर से एच. आई. एड्स एवं एंटीइलेक्ट्रो वायरल थैरेपी केन्द्र के प्रभारी एवं परामर्श दाता डॉ. अनुपम बोहरे ने एच. एक्ट क्या है, आप संक्रमित व्यक्ति की जानकारी बिना उसकी अनुमति के उजागर नहीं कर सकते हैं यदि आपने इस एक्ट का पालन नहीं किया तो सजा एवं अर्थदण्ड का प्रावधान है। जिला चिकित्सालय सागर की एच.आई.वी एड्स केन्द्र की परामर्श दाता डॉ. सुनीता यादव ने कहा की एच.आई.वी एड्स की जॉच एकीकृत परामर्श एवं जॉच केन्द्र में निशुल्क होती है। यह घृणा से देखने वाली बीमारी नहीं है। इसकी जानकारी होना ही इसका बचाव है। गर्भवती महिला से उनके बच्चों में होने वाले संक्रमण के रोकथाम से अवगत कराया। श्री अमित बोहरे जो कि अह्ना परियोजना के अंर्तगर्त क्षेत्रीय संयोजक है उन्होने बताया कि क्षेत्रीय स्तर पर हम किस प्रकार इसका प्रचार पसार कर सकते है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की सलाहकार डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा की रूटिन चैकप की तरह यदि एड्स संक्रमण से संबंधित लक्षण होने पर चूंकि एड्स एक्ट का प्रावधान है तो हमें इसकी जॉच करवाने में संकोच नहीं करना चाहिए कार्यक्रम का संचालन रेड रिबिन क्लब प्रभारी एवं एन.एस.एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना रमैया ने किया एवं आभार डॉ. अपर्णा चाचोंदिया ने माना।

# LECTURE ON : AIDS ACT (PREVENTION & CONTROL)

## DATE : 07.09.2022






# स्वच्छता कार्यक्रम

**रैली व शपथ से जन–जन को स्वच्छता का दिया संदेश।**

**"स्वच्छ रखो, अपना परिवेश जिससे स्वच्छ रहेगा देश।"**

शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सरिता जैन के मार्गदर्शन में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वयं सेवकों ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संस्था प्रमुख डॉ. इल तिवारी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई कहा कि हम अपना महाविद्यालय परिसर स्वच्छ रखेगे तभी देश की स्वच्छता में सहयोग देगें। जैसे कण–कण से घड़ा भरता है वैसे ही छोटे–छोटे कार्यो से हम राष्ट्र के प्रति भक्ति रख सकते है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सरिता जैन के निर्देशन में बड़ी संख्या में स्वच्छता का संदेश देते हुये नारों के साथ एक भव्य रैली निकाली गयी। जैन ने कहा कि देश को स्वच्छ बनाये रखने में आप सभी का सहयोग आवश्यक है क्योंकि –

**" धरती को स्वर्ग बना दें**

**गंदगी को दूर भगा दें। "**

भाषण, कविता, नृत्य, वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें मोहनी पटेल, निदा खान, निकिता जैन, उमा पटेल, अपर्णा राजपूत, प्रीति ठाकुर, सालेहा खान, दौपति पटेल, शिवानी रजक आदि छात्राओं ने मोहक प्रस्तुति दी। रैली में बड़ी संख्या में शिवानी तिवारी, प्रीति लोधी, कीर्ति पटेल, काजल, रानी, प्रतीक्षा, श्रेया, शालनी रानू, योगिता, निशी जैन, लक्ष्मी, संगीता, दिव्या, वैशाली आदि बड़ी संख्या में सहभागिता दी। डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. संजय खरे, डॉ. राजकुमार अहिरवार, डॉ. सीमा रैकवार, डॉ. दीप्ति जैन, डॉ. विप्पू रजक, डॉ. सुनीता आर्य आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कु. सौम्या मौर्य ने किया तथा डॉ. दीप्ति जैन ने आभार व्यक्त किया।

# PROGRAMME ON : CLEANLINESS

## DATE : 28.09.2022






# <u>नशा मुक्ति अभियान</u>

सागर, दिनांक 10.10.2022 शासकीय स्वशासी उत्कृष्ट कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. सरिता जैन ने नशा मुक्ति अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन किया। संस्था प्रमुख डॉ. इला तिवारी ने महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर स्वयं सेवकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई उन्होंने कहा कि नशा से हमारे परिवार एवं समाज पर दुष्प्रभाव पड़ता है जो देश की उन्नति में बाधक है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सरिता जैन ने कहा कि यदि आपको स्वस्थ रहना है, उज्वल भविष्य बनाना है तो नशा से दूर रहें और समाज को दूर रहने के लिए प्रेरित करें उन्होंने महात्मा गांधी के सिद्धातों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक शालिया खान, रोशनी पटैल, मुस्कान आहिरवार, राजेश्वरी अहिरवार, निदा खान, निकीता जैन, मोहनी पटैल, नेहा प्रजापति, उमा पटैल, शिवानी रजक, वैशाली जाटव, अपर्णा, जानकी प्रजापति, एवं शालनी दांगी ने विभन्न पोस्टरों के माध्यम से समाज को संदेश दिया कि हमें अपने देश को नशा मुक्त करना है। डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव, डॉ. राजकुमार तथा बड़ी संख्या में छात्राऐं उपस्थित रहीं।



# <u>युवा नीति</u>

सागर 27 दिसंबर 2022 को शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर की छात्राओं ने म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग की मंशा एवं दिशा निर्देश अनुसार म.प्र. की नई युवा नीति निर्धारण में अपनी अह्म एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान दिया। ऐक्सीलेंस गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी के मार्गदर्शन में एवं डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ रश्मि माथुर एवं डॉ. हरिओम सोनी के निर्देशन में छात्राओं से परिचर्चा की गई एवं छात्राओं के मौलिक विचार जानकर उनके अपने विचारों को पत्र पेटी में संकलित कराया गया।

इस संबंध में एक संगोष्ठी एवं रैली आयोजित की गई जिसमें छात्राओं को प्रदेश की युवा नीति निर्धारण में सक्रिय भूमिका अदा करने एवं अपने मौलिक दायित्वों के निर्वाहन का आह्वान किया गया।


इस नयी एवं अनूठी पहल पर महाविद्यालय की अनेक छात्राओं ने रूचि दिखाते हुये बड़ी संख्या में अपने सुझाव पत्र पेटी में संकलित किया । इन विचारों का अध्ययन एवं उपयोगिता को ध्यान में रखते हुये शासन की ओर भेजा जायेगा इस गतिविधियों में महाविद्यालय की बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।





# PLANTATION

## DATE : 19.02.2023





GPS Map Camera
Sagar, Madhya Pradesh, India
RQQ2+387, Gopal Ganj Rd, in front of Jain Public School,
Gopal Ganj, Sagar, Madhya Pradesh 470001, India
Lat 23.837978°
Long 78.750447°
19/02/23 10:56 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sagar, Madhya Pradesh, India
RQQ2+387, Gopal Ganj Rd, in front of Jain Public School,
Gopal Ganj, Sagar, Madhya Pradesh 470001, India
Lat 23.837978°
Long 78.750447°
19/02/23 10:57 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sagar, Madhya Pradesh, India
RQQ2+387, Gopal Ganj Rd, in front of Jain Public School,
Gopal Ganj, Sagar, Madhya Pradesh 470001, India
Lat 23.837978°
Long 78.750447°
19/02/23 11:05 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Sagar, Madhya Pradesh, India
RQQ2+387, Gopal Ganj Rd, in front of Jain Public School,
Gopal Ganj, Sagar, Madhya Pradesh 470001, India
Lat 23.837978°
Long 78.750447°
19/02/23 10:56 AM GMT +05:30
Google

# पर्यावरण संरक्षण

शासकीय स्नातकोत्तर उत्कृष्टता कन्या महाविद्यालय सागर में 05 जून विश्व पर्यावरण के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेशनल केडिट कोर के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण, गांधी जी की प्रतिमा की सफाई, पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ तथा विभिन्न गतिविधियों में मिशन लाईफ के अन्तर्गत कार्यशाला, भाषण प्रतियोगिता, जागरूकता रैली, पोस्टर निर्माण, स्लोगन लेखन, नुक्कड़ नाटक एवं निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ एंव छात्राओं के द्वारा कालेज एवं नवीन महाविद्यालय में फलदार व वातावरण को शुद्ध रखने वाले 60 पौधों को रोपित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाते हुए कहा कि पर्यावरण प्रदूषण के साथ वैचारिक प्रदूषण को भी दूर करने की आवश्यकता है। पर्यावरण प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण के लिये व विलुप्त प्रजातियों के संरक्षण के लिये पौधारोपण की आवश्यकता है। रासेयो इकाई तृतीय की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि माथुर ने प्लास्टिक से होने वाले प्रदूषण की जानकारी दी। एन.सी.सी. प्रभारी डॉ. अंशू सोनी ने अपने आस–पास के वातावरण को स्वच्छ रखने हेतु साफ सफाई की उपयोगिता बतायी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त करते हुये रासयो ईकाई द्वितीय की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमति अश्विनी सूर्यवंशी ने विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की महत्ता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में डॉ. नरेन्द्र ठाकुर, डॉ. ए.एच. अंसारी, डॉ. डी.के. गुप्ता, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. संजय खरे, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. दीपा खटीक,, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ. देशराज ठाकुर, डॉ. संतोष नारायण चड़ार, डॉ. नंदकिशोर लाधी, श्री दिनेश कुमार पाण्डेय एवं समस्त अतिथि विद्वान एवं अधिक संख्या में छात्राऐं उपस्थित रहीं।

# ENVIRONMENT PROTECTION

## DATE : 05.06.2023







# ''कोविड–19 वैक्सीनेशन ऑनलाईन जागरूकता कार्यक्रम''

सागर, दिनांक 01.07.2021/ शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. बी.डी. अहिरवार के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना रमैया तथा डॉ. अपर्णा चाचोंदिया के मार्गदर्शन में ऑनलाईन कोविड–19 वेक्सीनेशन सघन जगरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में सागर जिले की चिरपरिचित स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं आई एम.ए. वूमेन्स विंग की अध्यक्ष डॉ. नीना गिडियन रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बी.डी. अहिरवार ने कहा कि कोविड–19 वैक्सीनेशन सघन जागरूकता कार्यक्रम को एक युद्ध स्तर पर लेना चाहिये। समाज के नागरिक होने के कारण आप सभी का दायित्व है कि स्वयं वैक्सीन लगवायें एवं दूसरों को भी वेक्सीनेशन के लिये प्रोत्साहित करें। विषय विशेषज्ञ डॉ. नीना गिडियन ने छात्राओं की वेक्सीन के संबंध में भ्रांतियों को दूर किया। उन्होनें कहा 18+ के लोंगों को हर हालत में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन करवाना अनिवार्य है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना रमैया ने कहा कि समाज के नागरिक होने के नाते इस वैक्सीनेशन जैसे पुनीत कार्य में अपनी भूमिका निभाये एवं सहभागिता दे। डॉ. अपर्णा चाचोंदिया ने कहा कि महाविद्यालय में निरंतर वैक्सीनेशन के लिये जागरूकता कार्य कोविड–19 के दिशा निर्देश के अनुसार चलाया जा रहा है। छात्रायें अपने घर पर रहते हुये आस पास के क्षेत्रों में दीवारों पर जागरूकता संदेश लिख रही हैं एवं पोस्टर बनाकर जागरूकता में सक्रिय हैं।

# ONLINE AWARENESS PROGRAMME OF VACCINATION : COVID-19

## DATE : 01.07.2021






# एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा कोरोना पर पोस्टर जागरूकता अभियान

सागर 01 अक्टूबर 2021 शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता जैन के निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा कोरोना जागरूकता पर विभिन्न पोस्टर्स बनाये गये। प्रभारी प्राचार्य डॉ. सुनील श्रीवास्तव ने पोस्टर्स की सराहना करते हुये कहा कि इस प्रकार की जागरूकता से जनता में वेक्सीन के प्रति विश्वास और अधिक से अधिक लोगों में वेक्सीन लगवाने के लिये जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता जैन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के स्वयं सेवक इसी प्रकार प्रयास करते रहें जिससे कोरोना शीघ्र समाप्त हो। डॉ. नरेन्द्रसिंह ठाकुर ने इस प्रकार के प्रयासों की सराहना की।

इस अवसर पर डॉ. शक्ति जैन, डॉ. राजकुमार अहिरवार, डॉ. सीमा रैकवार, डॉ. ख्याति बेलापुरकर, एवं स्वयं सेवक ज्योति चौहान, अदिति गौतम, सोनाली अहिरवार, दिव्या बिल्थरे, अलका जाटव, प्रियंका तिवारी, सोनिका चौधरी, सौम्या मौर्य, राखी विश्वकर्मा, रचना अहिरवार आदि उपस्थित थे।

# wPOSTER AWARENESS PROGRAMME ON CORONA

## DATE : 01.10.2021






# एन.एस.एस. छात्राओं का पल्स पोलियो अभियान में सहयोग

शासकीय कन्या पी जी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मान डॉ. बी. डी अहिरवार के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता जैन के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने विभिन्न सेन्टर पर जाकर पल्स पोलियो अभियान के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र की सहायिका और कार्यकर्ताओ को सहयोग प्रदान किया स्वयं सेविका गरिमा दुबे, प्रियंका तिवारी, अलका जाटव ने पूरे समय सेन्टर पर उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया |

# PULSE POLIO ABHIYAN

# DATE : 10.12.2021



# POSTER AWARENESS PROGRAMME

## DATE : 23.12.2021



आचरण 23 दिस. 2021

# छात्राओं ने पोस्टर बनाकर मतदान हेतु किया जागरूक

आचरण 23 दिस. 21

सागर, आचरण संवाददाता।

बुधवार को शासकीय स्वाशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर प्राचार्य डॉं इला तिवारी के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से मतदान केन्द्र विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न रंगों का प्रयोग कर मतदान केन्द्र की छवि प्रस्तुत कर लोगों को संदेश दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. नवीन गिडियन, डॉ शैलेश आचार्य, डॉ. रजनी दुबे एवं डॉ संजय खरे थे। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी डॉं अंशु सोनी ने बताया कि 20 दिसम्बर से 01 जनवरी 2022 तक भाषण, पोस्टर, रंगोली, स्लोगन प्रतियोगिताओं तथा रैली, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हमारा प्रयास आम लोगो को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में प्रथम जया श्री लारिया, द्वितीय सृष्टि रावत, तृतीय लक्ष्मी पटैल रही। इस अवसर पर डॉं अर्पणा चाचौंदिया ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

दै. भास्कर 24 दिस. 21

## 150 छात्राओं ने 15 दिन तक सीखे रेसलिंग, कराते और जूडो के गुर

सागर | एक्सीलेंस गर्ल्स कॉलेज में 15 दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। इस दौरान करीब 150 छात्राओं ने 15 दिन तक कुश्ती, कराते और जूडो के गुर सीखे। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने बताया कि छात्राओं को आत्मरक्षा शिविर बहुत आवश्यक है। इस प्रशिक्षण से छात्राएं शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होती हैं। वहीं खेल अधिकारी डॉ. मोनिका हार्डीकर ने बताया कि आत्मरक्षा के साथ छात्राओं के लिए कॉलेज में योग शिविर का आयोजन भी लगभग प्रतिदिन किया जाता है। शिविर के दौरान प्रशिक्षक के रुप में सोहिल खान मौजूद थे।

## पोस्टर बनाकर मतदान के लिए जागरुक किया, रंगों से केंद्र की छवि की प्रस्तुत

भास्कर संवाददाता | सागर

गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को मतदान केन्द्र विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता हुई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाता जागरुकता के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता की गई। जिसमें बडी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न रंगों का प्रयोग कर मतदान केंद्र की छवि प्रस्तुत कर लोगों को संदेश दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. नवीन गिडियन, डॉ. शैलेष आचार्य, डॉ. रजनी दुबे एवं डॉ. संजय खरे थे। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अंशु सोनी ने बताया 20 दिसंबर से 1 जनवरी 2022 तक भाषण, पोस्टर, रंगोली, स्लोगन प्रतियो[illegible]ता, रैली व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से हमारा प्रयास आम लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर जयश्री लारिया, दूसरे स्थान पर सृष्टि रावत एवं तीसरे स्थान पर लक्ष्मी पटेल रहीं। सहयोग डॉ.अर्पणा चाचोंदिया का रहा।

Scanned with CamScanner

# प्रकृति का जब रहेगा ध्यान, तभी बनेगा देश महान

सागर जून 2022 शासकीय स्नात्तकोत्तर कन्या महाविद्यालय सागर प्राचार्य डॉ. इला तिवारी के निर्देशन में पर्यावरण संरक्षण क्लब (इको क्लब) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान मे महाविद्यालय के वृक्षारोपण एवं व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने पौधा रोपित कर छात्रों को संदेश दिया कि पौधा से हमारा जीवन है एवं इसका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। इस क्लब की प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने कहा कि मानव जाति एवं सम्यता के अस्तित्व के लिये पौधों के प्रति जागरूकता जरूरी है एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरिता जैन ने कहा हम हमेशा पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देते रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अपर्णा चाचोंदिया ने कहा कि आज हम सब शपथ ले के हम प्रत्येक वर्ष में एक पौधा अवश्य लगायेगें। इस अवसर पर श्री सिंधु संस्कार समिति के संरक्षण श्री राजेश मनमानी एवं सचिव सुरेश मोहनानी ने पौधे दान किये। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी द्वारा पौधा संरक्षण पर शपथ दिलायी गई। शासकीय महाविद्यालय पथरिया डॉ. प्रशांत सोनी ने पर्यावरण संरक्षण पर व्याख्यान दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी नेहा यादव, पूजा, नाजमीन, साक्षी विश्वकर्मा, कशिश, शिवानी ने ड्रामा के प्रस्तुतिकरण द्वारा पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया माध्यम से पर्यावरण संरक्षण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर सौम्या शालनी, तमन्ना छात्राओं सहित डॉ. सिम्मी जैन, डॉ. सिद्वार्थ सिंह, श्री भूपेंन्द्र अहिरवार, सपना राजौरिया, नरगिस खान, अमिता विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। छात्राओं द्वारा 50 पौधों का रोपण भी किया गया ।

# PLANTATION & INVITED LECTURE

## DATE : 04.06.2022





# एन.एस.एस. का ये अभियान – नशामुक्त भारत अपनी शान


सागर दिनांक 26 जुलाई 2021 शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर द्वारा डॉ. बी.डी. अहिरवार के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन कोविड–19 की गाइड लाईन का अनुसरण करते हुए किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भावना रमैया एवं डॉ. अपर्णा चाचोंदिया द्वारा एक दिन पूर्व ही स्वयंसेवियों को कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराते हुये विभिन्न गतिविधियों के लिये निर्देशित किया गया, जिसमें नशामुक्ति पर दीवार पर स्लोगन लेखन द्वारा जनजागरूकता, ''नशा एक अभिशाप'' शीर्षक पर पोस्टर निर्माण आदि गतिविधियां संचालित की गई हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों कुसुम राय एवं रोशनी अहिरवार ने ग्रोदग्राम कुड़ारी में दीवार पर स्लोगन लेखन एवं पोस्टर बनाकर नशामुक्ति पर जनजागरूकता का संदेश दिया। गोदग्राम के अन्य स्थानीय स्वयंसेवियों ने भी ग्रामवासियों को जागरूकता संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी प्रियंका दांगी, आश्रिता सिंह, प्रांजल चाचोंदिया, वर्षा प्रजापति ने पोस्टर के माध्यम से नशामुक्ति पर जागरूकता संदेश दिए।







No
Smoking
Stop
No
Drugs


AASHRITA
THAKUR


हर दिल की अब ये है चाहत
नशा मुक्त हो मेरा भारत